सड़क पर ट्रैलर की टक्कर से एक ही परिवार के 3 बाइक सवार लोगों की दर्दनाक मौत

लाडपुरा-भीलवाड़ा हाइवे पर सड़क क्षतिग्रस्त होने से हो रहे है हादसे

- सड़क पर आए दिन हो रहे हादसों में बहता खून कब रुकेगा
- एनएचएआई के जिम्मेदार अफसरों और संवेदक की लापरवाही से आए दिन हो रहे हादसे

माण्डलगढ़। मांडलगढ़ में एन एच ए आई के अधिकारियों और संवेदक के बीच हादसों को न्यौता देने का ये कैसा खेल खेला जा रहा हैं,लाडपुरा से भीलवाड़ा तक बने नेशनल हाइवे 758 पर आए दिन हो रहे सड़क हादसों में जिम्मेदार अफसरों और संवेदक की गम्भीर लापरवाही सामने आई हैं, हाइवे की सड़क खून से लाल होते हुए रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। मांडलगढ़ के भार जी का खेड़ा के पास बुधवार को अपराह्न एक ट्रैलर ओर बाइक की हुई जोरदार टक्कर में बाइक पर सवार गरीब परिवार के 3 जनों की मौक़े पर ही दर्दनाक मौत हो गई हैं,जिससे मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है, वहीं जानलेवा सड़क को लेकर आसपास के लोगों में सिस्टम की लापरवाही पर भारी आक्रोश व्याप्त हैं। मांडलगढ़ नगर के निकट भार जी का खेड़ा में श्री शिवचरण माथुर सेवा संस्थान के बाहर नेशनल हाइवे सड़क मार्ग पर लाडपुरा से मांडलगढ़ की ओर आ रहे ट्रैलर ने मांडलगढ़ की ओर से लाडपुरा की ओर जा रहे ट्रैलर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी,जिससे बाइक पर सवार चित्तौड़गढ़ बेगूं थाना क्षेत्र के चेची गाँव के निवासी जगदीश पुत्र केसरिया कंजर,इसका पुत्र राकेश कंजर ओर भतीजा किशन कंजर की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि तीनों के सिर से बहे खून से सड़क लाल हो गई। हादसे के बाद मौके पर आसपास के लोग जमा हो गए। हादसे के बाद मांडलगढ़ क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर मांडलगढ़ थाना पुलिस पहुँची ओर एम्बुलेंस से तीनों मृतकों के शव को मांडलगढ़ अस्पताल की मोर्चरी में लाकर पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द किया गया। तीनो मृतकों के शव पैतृक गाँव पहुंचे तो परिजनों में कोहराम मच गया। हादसा स्थल के आसपास के लोगो ने बताया कि नेशनल हाइवे सड़क की दुर्दशा के कारण आए दिन हादसे पेश आ रहे है, ओर बाइक सवार तथा बड़े वाहन सडक पर पड़े धोरों की वजह से अनियंत्रित होकर आपस मे भीड़ जाते है। कई बार वाहन पलटी भी खा जाते हैं। वाहन चालकों का आरोप हैं कि पिछले एक साल में बाइक ओर बड़े वाहनों की टक्कर के सैकड़ों हादसे सामने आ चुके हैं,ओर हादसों में लोगों की जाने जा रही हैं। लेकिन नेशनल हाइवे प्राधिकरण के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है। जबकि क्षितठास्त सड़क मार्ग होने के बावजूद टोल शुल्क लगातार वसूला जा रहा हैं। और प्रतिवर्ष लाखों की राशि सड़क मेंटेनेंस के नाम पर स्वीकृत की जा रही हैं।

सड़क हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई।

ब्यावर जिला प्रशासन ने गिनाई उपलब्धियां

ब्यावर (निसं) ब्यावर जिले के स्थापना दिवस के पावन अवसर पर जिला कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कलेक्टर कमल राम मीना ने की। उन्होंने कहा कि यह दिन केवल उत्सव का ही नहीं, बल्कि जिले की विकास यात्रा की समीक्षा और आगामी लक्ष्यों की दिशा तय करने का अवसर भी है।जिला कलेक्टर ने कहा कि ब्यावर का ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और प्रशासनिक महत्व सदैव विशेष रहा है। एक स्वतंत्र जिले के रूप में अब इसकी ज़िम्मेदारियां और अपेक्षाएं भी बढ़ी हैं। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों की भूमिका की सराहना करते हुए प्रशासनिक योजनाओं के प्रचार-प्रसार में उनके सक्रिय योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। मीना ने बताया कि राज्य सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप ब्यावर जिले में एक सुदृढ़ कार्ययोजना के तहत ठोस विकासात्मक पहलों को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। प्रेस कांफ्रेंस में हुई समीक्षा में प्रमुख चर्चा बिंदुओ में बजट घोषणाओं एवं भूमि आवंटन की प्रगति वर्ष 2024-25 के 18 बजट प्रकरणों में से 14 में भूमि आवंटन आदेश जारी, जबकि 3 में भूमि की आवश्यकता नहीं पाई गई।वर्ष 2025-26 के 29 प्रकरणों में से 20 में आदेश जारी, 5 प्रकरणों में आवश्यकता नहीं, और 3 प्रकरण वर्तमान में राजस्व विभाग स्तर पर प्रक्रियाधीन हैं।विशेष अभियान के अंतर्गत विद्यालय भवन व खेल मैदान के लिए 241 पट्टे वितरित किए गए हैं।अब तक 202 प्रकरणों में कुल 345.2643 हेक्टेयर भूमि का आवंटन/आरक्षण किया गया है, जिससे नवसृजित कार्यालयों एवं संस्थाओं को ठोस आधार प्राप्त हुआ है। राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए

ब्यावर जिले के स्थापना दिवस के पावन अवसर पर जिला कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की गई।

14 प्रतिष्ठानों पर 78 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगा

- क्षाबन्धन के त्यौहार पर मिठाई, सूखे मेवे, बेकरी उत्पाद सहित भोज्य पदार्थों के साथ डिब्बा तौलने, कम माप-तौल एवं पैकेजिंग नियमों में तय मापदंडों के अनुसार बिक्री नहीं करने इत्यादि की रोकथाम के लिए विभाग द्वारा जांच दल गठित किए गए। प्रथम निरीक्षण दल में प्रवर्तन अधिकारी हेमन्त कुमार आर्य, सहायक नियंत्रक विधिक माप विज्ञान प्रकोष्ठ की भावना दयाल, प्रवर्तन निरीक्षक अतुल कुमार बड़ाया शामिल रहे।
- सिन्ध कन्फेशनरी पर 5 हजार रुपये, न्यू कमला एजेन्सी 7500 रुपये तथा रियल बैकर्स पर 5 हजार रुपये का जुर्माना आरोपित किया

अजमेर, (कासं)। उपभोक्ता सुरक्षा अभियान के अन्तर्गत गुरूवार को की गई कार्यवाही में 14 प्रतिष्ठानों पर 78 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

जिला रसद अधिकारी नीरज जैन ने बताया कि रक्षाबन्धन के त्यौहार पर मिठाई, सूखे मेवे, बेकरी उत्पाद सहित भोज्य पदार्थों के साथ डिब्बा तौलने, कम माप-तौल एवं पैकेजिंग नियमों में तय मापदंडों के अनुसार बिक्री नहीं करने इत्यादि की रोकथाम के लिए विभाग द्वारा जांच दल गठित किए गए। प्रथम निरीक्षण दल में प्रवर्तन अधिकारी हेमन्त कुमार आर्य, सहायक नियंत्रक विधिक माप विज्ञान प्रकोष्ठ की भावना दयाल, प्रवर्तन निरीक्षक अतुल कुमार बड़ाया शामिल रहे।

इसी प्रकार द्वितीय निरीक्षण दल में प्रवर्तन अधिकारी सुनीता शर्मा, निरीक्षक विधिक माप विज्ञान प्रकोष्ठ जितेन्द्र सचदेवा, प्रवर्तन निरीक्षक महेन्द्र कुमार यादव शामिल रहे। अजमेर में इन दोनो जांच दलों द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किए गए। निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाए जाने पर 14 प्रतिष्ठानों पर नियमानुसार 78 हजार 500 रूपये की जुर्माना राशि आरोपित की गई है। उन्होंने बताया कि भोमजी मिष्ठान भण्डार पर 7500 रुपये, जनता स्वीट्स पर 6500 रुपये, गोपाल कृष्ण दूध दही भण्डार पर एक हजार रुपये, केसर फूड प्रोडक्ट पर 11 हजार 500 रुपये, वृन्दावन स्वीट्स पर 3 हजार रुपये, जोधा स्वीट् एण्ड नमकीन पर 2500 रुपये, श्री गोपाल गोविन्द मिष्ठान भण्डार पर 2500 रुपये, लक्ष्मी स्वीट्स पर 10 हजार 500 रुपये, आशु स्वीट्स पर 12 हजार रूपये, सोनू जनरल स्टोर पर 2 हजार रुपये, सिन्ध कन्फेशनरी पर 5 हजार रुपये, न्यू कमला एजेन्सी 7500 रुपये तथा रियल बैकर्स पर 5 हजार रुपये का जुर्माना आरोपित किया गया है। जिला रसद अधिकारी नीरज जैन ने बताया कि खुदरा व्यापारी खुला सामान नहीं बेचे। किसी भी खाद्य सामग्री के पैकेट में उसके निर्माता का नाम व पता, निर्माण तथा अवसान की तारीख, उसकी मात्रा एवं वजन, उसको बनाने में काम में लिये गये उत्पाद की सूची और मूल्य इत्यादि का अंकन आवश्यक है।

बाजार में बढ़ी रक्षा बंधन पर्व की चहल-पहल

पावटा। कस्बे सहित क्षेत्र में रक्षाबंधन की तैयारियो को लेकर बाजारों मे रौनक नजर आने लगी है। बहिने रक्षा सूत्र खरीदने के लिए बाजारों में पहुंचने लगी है। वहीं व्यापारी भी राखियों से दुकानों एवं प्रतिष्ठानों को सजा रहे है।

उधर, इस बार रक्षाबंधन पर्व 30 अगस्त को पारंपारिक रूप से श्रद्धा के साथ मनाया जायेगा। हालांकि इस बार रक्षाबंधन पर भद्रा का प्रभाव नहीं रहेगा। भाई-बहन के प्यार का पर्व रक्षा बंधन को लेकर बाजार में राखी का बाजार सजने लगा है। राखी की खरीदारी के लिए दुकानों पर महिलाओं की भीड़ लगनी शुरू हो गई है।

रक्षा बंधन को लेकर बहनों में काफी उत्साह है। अभी से ही बहनें भाई के कलाई पर राखी बांधने के लिए खरीदारी शुरू कर दी हैं, वहीं दूर-दराज रहने वाले भाईयों को डाक के माध्यम से राखी भेजने का काम भी बहनें शुरू कर दी हैं।

रक्षा बंधन पर्व हिदू धर्म में मुख्य त्योहार में शामिल है। पंचांग के अनुसार रक्षाबंधन पर्व सावन महीने के पूर्णिमा को मनाया जाता है। यह पर्व भाई-बहन के स्नेह और प्रेम का प्रतीक माना गया है।

राखी बांधते समय बहन अपने भाई के लिए लंबी उम्र की कामना करने के साथ स्वस्थ जीवन के लिए ईश्वर से प्रार्थना करती हैं। वहीं भाई भी बहन को जीवन भर रक्षा करने का वचन देकर उपहार भी देते हैं।

मरू केयर वाहिनी को हरी झण्डी दिखाई

अलवर। राज्य सरकार द्वारा गंभीर रोगों से ग्रसित व्यक्तियों को घर पर ही चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से संचालित पेलियोटिव केयर कार्यक्रम के अंतर्गत आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र कुमार शर्मा, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. महेश बैरवा एवं जिला नोडल अधिकारी (पेलियोटिव केयर) डॉ. बी.एस खैत्री ने मरू प्रकाश पोलिऐटिव केयर वाहिनी को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय पेलिएटिव केयर कार्यक्रम के तहत मरू प्रकाश पैलिएटिव केयर वाहिनी को शुरू कियागया है। इस पहल के तहत कैंसर, लकवा, हृदय, स्ट्रोक, एड्स, क्रॉनिक किडनी डिजिज, न्यूरोमस्कुलर व दीर्घकालिक श्वसन रोगा आदि गंभीर रोगों से ठासित ऐसे व्यक्ति जो अस्पताल में आने में असमर्थ है को घर पर ही इलाज, देखभाल और परामर्श मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि इस पहल का उद्देश्य बीमारी के लक्षणों को नियंत्रित कर मरीजों और उनके परिजनों की जीवन गुणवत्ता में सुधार लाना है। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. महेश बैरवा ने बताया कि इस कार्य हेतु स्टाफ को प्रशिक्षित किया गया है ताकि सूचना मिलते ही टीम मरीजों के घर जाकर उनके स्वास्थ्य की निगरानी के साथ देखभाल कर सके।

'हर घर तिरंगा अभियान' में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील

- संस्कृति मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए राष्ट्रव्यापी 'हर घर तिरंगा' अभियान को अब एक जन-आंदोलन का रूप दिया जा रहा है।

अलवर। संस्कृति मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए राष्ट्रव्यापी 'हर घर तिरंगा' अभियान को अब एक जन-आंदोलन का रूप दिया जा रहा है। इसी क्रम में जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने अलवर जिले के सभी नागरिकों से इस पहल से जुड़ने की अपील की है।

जिला कलक्टर ने बताया कि जिले के नागरिक हर घर तिरंगा अभियान में वॉलंटियर बनकर इस पहल का हिस्सा बनें और अपने घरों पर तिरंगा फहराकर राष्ट्रीय गौरव को बढ़ाएं व स्वतंत्रता दिवस के इस पर्व में अपनी सहभागिता निभाएं। उन्होंने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य हर घर को भारतीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित करना और राष्ट्रीय एकता की भावना का जश्न मनाना है। इस पहल में आम नागरिकों को वॉलंटियर बनने का मौका दिया जा रहा है तथा वालंटियर्स को 2 अगस्त से उनके क्षेत्र में अलग-अलग कार्य सौंपे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अभियान सफलतापूर्वक पूरा करने वाले वॉलंटियर्स को संस्कृति मंत्रालय से आधिकारिक प्रमाण पत्र मिलेगा। साथ ही सबसे अधिक तस्वीरें अपलोड करने वाले शीर्ष एंबेसडर्स का राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। इस अभियान में शामिल होने के इच्छुक लोग हर घर तिरंगा पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते हैं। हर घर तिरंगा अभियान वॉलंटियर बनकर जिले के नागरिक अपने घर, स्कूलों, सार्वजनिक स्थलों आदि स्थानों पर तिरंगा झण्डा राष्ट्रीय गौरव बढ़ाएं, नागरिक भागीदारी को प्रेरित करें, ऐतिहासिक आंदोलन का हिस्सा बनें व संस्कृति मंत्रालय से पहचान प्राप्त करें। अभियान के तहत वॉलिटियर पड़ोसियों को तिरंगे की कहानियां सुनाएं, अपने पड़ोस में तिरंगा फहराने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करें, ध्वज संहिता के अनुसार सही तरीके से तिरंगा फहराने में आमजन की मदद करें, लोगों को पोर्टल पर सेल्फी अपलोड करने में सहायता करें व डाकघर से झंडे लाकर वितरित कर सकते हैं। हर घर तिरंगा पोर्टल पर वॉलंटियर पंजीकरण फॉर्म भरें और अपने कार्य विवरण प्राप्त करना शुरू करें तथा अभियान के तहत संस्कृति मंत्रालय से प्रमाण पत्र प्राप्त करें। सबसे ज़्यादा तस्वीरें अपलोड करने वाले शीर्ष एंबेसडर्स का राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।

गायों को गुड़ खिला कर जन्मोत्सव मनाया

मेड़ता सिटी 7 अगस्त : मेड़ता के लोकप्रिय विधायक लक्ष्मण राम कलरु के जन्मदिन के अवसर पर मेड़ता जनता प्रधान संदीप चौधरी, कलरु सरपंच अशोक जुरिया ने गौशाला में गायों को गुड़ खिलाकर की विधायक का जन्मोत्सव मनाया। जनता प्रधान संदीप चौधरी ने बताया कि मेड़ता के लोकप्रिय विधायक लक्ष्मण राम कलरू के जन्मदिन के अवसर पर उनके पुत्र के साथ मिलकर गोशालों में गायों को गुड़ खिला कर उनका जन्मोत्सव मनाया गया। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य भीखाराम बापेड़िया, पंचायत समिति सदस्य गोविंद बिश्नोई, नवीन रोयल, पुखराज कमेड़िया, गौरव जोशी, भरत पंवार, महेंद्र बोराणा सहित कई भाजपा कार्यकर्ता रहे मौजूद।

समस्याओं का निबटारा नहीं करने पर शिक्षकों ने आंदोलन की चेतावनी दी

- समस्याओं के निस्तारण की मांग को लेकर शिक्षक संघ फुलिया कलां ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन
- शिक्षा व शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर सरकार का समय-समय पर ध्यान आकर्षित किया है लेकिन सरकार द्वारा अब तक कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया

भीलवाड़ा। राजस्थान शिक्षक राष्ट्रीय उपशाखा फुलिया कलां ने उपशाखा अध्यक्ष हनुमान प्रसाद शर्मा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नाम उपखंड अधिकारी फुलिया कला को शिक्षकों की समस्याओं के निस्तारण की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुए ज्ञापन सौंपा गया। अध्यक्ष शर्मा ने बताया कि यदि सरकार संगठन की मांगों को शीघ्र नहीं मानती है तो उठा आंदोलन किया जाएगा।अजमेर संभाग संयुक्त मंत्री जगदीश लाल गुर्जर ने संबोधित करते हुए कहा अब याचना नहीं रण होगा ।आगामी रणनीति के बारे में बताया।संगठन ने शिक्षा व शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर सरकार का समय-समय पर ध्यान आकर्षित किया है लेकिन सरकार द्वारा अब तक कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया इससे शिक्षक आक्रोशित एवं उद्वेलित हैं ज्ञापन में शिक्षा विभाग में समस्त संवर्गों के स्थानांतरण से प्रतिबंध हटाकर स्थानांतरण की प्रक्रिया प्रारंभ की जावे शिक्षकों के सभी स्तर की पदों की लंबित है समयबद्ध कार्यक्रम तय का शीघ्र प्रक्रिया पूर्ण हो न्यायालय में लंबीत तृतीय वेतन श्रृंखला के शिक्षकों के पदोन्नित पर विधि एवं शिक्षा विभाग को तुरंत निस्तारण करने के निर्देश प्रदान करें राज्य के सभी विद्यालयों में रिक्त पदों को तत्काल भरा जाए शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए शिक्षकों को समस्त गैर शैक्षिणक कार्यों से मुक्त किया जाए एवं ऐसे कार्य जो शिक्षण व्यवस्था से संबंधित नहीं है इसमें न्यूनता होने पर शिक्षकों पर किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की जाए छठे एवं सातवें वेतन आयोग की मंशानुरूप वेतनमान देकर तृतीय श्रेणी एवं प्रबोधकों की वेतन विसंगति को दूर किया जावे इसमें टोंक जिलाध्यक्ष एवं अजमेर संभाग संयुक्त मंत्री जगदीश लाल गुर्जर, जिला कार्यकारिणी सदस्य सत्यनारायण गुर्जर, सभाध्यक्ष रामगोपाल मीणा, उप शाखा मंत्री आलोक प्रजापति, कोषाध्यक्ष शिवराज सुथार सहित संगठन के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

खून से लिखकर उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौपा

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। अजमेर रोड़ और जयपुर रोड़ स्थित टोल प्लाजा नजदींकी वाहन चालकों के लिये मुसीबत बन चुके है।बार एसोसिएशन अध्यक्ष रुपेश शर्मा ने कई मर्तबा आमजन से जुडी समस्या को पुरजोर तरीके से उठाया, किंतु कोई राहत नहीं मिल पाई। आखिरकार व्यवस्था से आहट अध्यक्ष शर्मा ने खून से पत्र लिखकर राज्य सरकार का ध्यान आकर्षित किया। इनका कहना है की किशनगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 210 गांव आते है, दोनों टोल की दूरी केवल 14-15 किलोमीटर होने के बावजूद वाहन चालकों को टोल देना पड़ रहा है, जबकि नियमानुसार टोल बूथ 30 किलोमीटर दूरी पर होना चाहिये। शिष्टमंडल में ब्राह्मण महासभा जिलाध्यक्ष नरेश कौशिक, राजेश पंचारिया, एडवोकेट धनराज शर्मा, महिपाल सिंह मेड़तिया उपस्थित रहे।

'अधिकारी प्रकरण को लंबित न रखे'

खैरथल। बीती रात्रि को खैरथल तिजारा जिले के मुंडावर की ग्राम पंचायत गोपीपुरा में जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में ठाामीणों की ओर से दिए गए परिवादों को जिला कलेक्टर ने सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को 7 दिवस में नियम अनुसार कार्रवाई कर समाधान के निर्देश दिए। रात्रि चौपाल में ठाामीणों ने जिला कलेक्टर को जालपिवास सड़क मार्ग पर पुलिया निर्माण करवाने, पेहल व नारेडी को एक्सप्रेसवे से जोड़ने वाले पुल की ऊंचाई बढ़ाने, विद्युत सप्लाई लाइन बदलवाने, जल जीवन योजना चालू करवाने, गांव में लाइब्रेरी निर्माण करवाने, मुआवजा दिलवाले, रास्ता खुलवाने, खाते में डबल एंट्री को सही करने, कृषि भूमि की पैमाइश करने, रास्ता दर्ज करवाने सहित बिजली पानी से संबंधित परिवाद दर्ज कराएं। ग्रामीणों की मांग एवं शिकायतो को सुनने के बाद कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया और कहा कि अधिकारी किसी भी प्रकरण को लंबित न रखें, यदि कोई मामला उनके क्षेत्राधिकार से बाहर है तो उच्चाधिकारियों से संपर्क करें।

वन राज्यमंत्री ने रक्तदान शिविर में शिरकत कर रक्तवीरों की कि हौंसला-अफजाई

अलवर। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने गुरूवार को शहर में सामान्य चिकित्सालय के सामने स्थित इमरती देवी धर्मशाला में श्रीमती सावित्री देवी डॉ. पी. एस. अठावाल चौरिटेबल ट्रस्ट एवं भारत विकास परिषद अरावली शाखा अलवर के संयुक्त तत्वाधान में डॉ. पी.एस. अठावाल की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित रक्तदान शिविर में सम्मिलित होकर रक्तदाताओं की हौसला अफजाई की। इस दौरान उन्होंने डॉ. पी.एस. अठावाल के चित्र पर श्रृद्धा सुमन अर्पित किए वन राज्यमंत्री शर्मा ने रक्तवीरों का उत्सावर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है जो जरूरत पडने पर व्यक्ति को जीवनदान प्रदान करता है। उन्होंने युवाओं से कहा कि मानवता की सेवा की भावना से आयोजित रक्तदान शिविर सराहनीय कदम है जिससे हमारी युवा पीढी को जीवमात्र की सेवा करने की प्रेरणा मिलेगी। इसके उपरान्त मंत्री श्री शर्मा ने 9 सितंबर को विवेकानन्द सर्किल पर आयोजित होने वाले भव्य श्री श्याम महोत्सव के पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर पीएमओ डॉ. सुनील चौहान, रवि अठावाल, मोहित अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, कमलेश अग्रवाल, शशांक झालानी सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।

अलवर में वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने डॉ. पी.एस. अग्रवाल की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित रक्तदान शिविर में शिरकत की।

तबादला सूची जारी

अजमेर। राजस्व मंडल अजमेर ने बुधवार रात बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 266 तहसीलदार और 275 नायब तहसीलदार सहित 541 अधिकारियों के तबादले आदेश जारी किए। सूची में हाल ही में पदोन्नत अधिकारी, मंडल मुख्यालय पर कार्यरत कर्मी और लंबे समय से एपीओ चल रहे अधिकारी शामिल हैं। मंडल के निबंधक महावीर प्रसाद ने बताया कि राजस्व विभाग (ग्रप-1) के शासन उप सचिव के निर्देश तथा प्रशासनिक सुधार विभाग से प्राप्त प्रतिबंध-शिथिलता के तहत तबादला सूची जारी की गई है। जारी आदेश के तहत सभी प्रभावित अधिकारियों को तुरंत प्रभाव से वर्तमान पदस्थापना से कार्यमुक्त होकर नवआवंटित स्थान पर जॉइन करने तथा अपनी कार्यग्रहण रिपोर्ट ई-मेल के माध्यम से मंडल कार्यालय को भेजने के निर्देश दिए गए हैं। प्रसाद ने कहा कि यह रुटीन प्रशासनिक प्रक्रिया है और हाल ही में प्रमोट हुए अधिकारियों को फील्ड-पदस्थापना देना है।

मंडल ने तबादला सूची वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। आदेश में उल्लेख है कि कोई भी अधिकारी स्वास्थ्य या अत्यावश्यक कारण से यदि रिलीव नहीं हो पाता तो उसे मंडल को तत्काल अवगत कराना होगा।

तारागढ़ पैदल मार्ग पर वन विभाग ने लगाई चार चैक पोस्ट

अजमेर, 07 अगस्त (कासं)। तारागढ़ की पहाड़ी पर वन विभाग द्वारा गत दिनों की गई कार्यवाही के बाद वन विभाग ने गुरुवार से चार अस्थायी चैक पोस्ट बनाई हैं। दुबारा से अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ एफआईदार दर्ज होगी। उपवन संरक्षक वीएस जोरा के आदेश पर पैदल मार्ग पर अस्थाई चैक पोस्ट पर तीन-तीन वनरक्षक तैनात रहेंगे, जो राउंड द क्लॉक गश्त करके वन भूमि और वन्य जीवों की निगरानी करेंगे, जिससे पैदल रास्ते पर अब अवैध कब्जा दोबारा नहीं पनप पाएगा। जो अवैध कब्जा करेगा उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी।

चार चेक पोस्ट : उपवन संरक्षक वीएस जोरा के आदेशानुसार बिच्छू बाबा मोड़, मीठा नीम गेट, बड़ा पीर गेट और कुमठा पेड़ मोड़ पर बने चार चैक पोस्ट बनाई गई है, जिन पर ओमप्रकाश खटीक, अल्का चौधरी, खेलो मीणा और चंद्रप्रकाश को प्रभारी नियुक्त किया है। विभाग के अनुसार यदि किसी ने पूर्व में अतिक्रमण हटाए गए स्थानों पर फिर से अतिक्रमण किया तो उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया जाएगा।

200 से अधिक अवैध दुकानों को किया था ध्वस्त : मालूम हो कि वन विभाग, पुलिस और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने 2 अगस्त को तारागढ़ पहाड़ी क्षेत्र के मीठा नीम से बड़ा पीर दरगाह रोड तक 200 से अधिक अवैध दुकानों को ध्वस्त और 22 को सीज किया था, जबकि 55 दुकानों पर अदालती स्थगन के कारण कार्यवाही नहीं की गई। विभाग को आशंका थी कि खाली कराई गई भूमि पर फिर से कब्जा हो सकता है, इसलिए चौक पोस्ट स्थापित की। गश्ती के दौरान कुछ लोग पानी की बोतलें बेचते और कचरा बीनते नजर आए जिन्हें टीम ने रवाना किया। वनकर्मियों को नियमित गश्त रिपोर्ट मुख्यालय भेजने तथा मलबे व निकटवर्ती वन्य जीव गतिविधि पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग ने चार स्थायी वन चौकियां और अतिरिक्त स्टाफ स्वीकृत करने का प्रस्ताव भी जयपुर मुख्यालय भेजा है।

भोलेनाथ को चढ़ाया जल व गन्ने का रस

अरांइ (निसं)। बस स्टेण्ड स्थित शिवालय में शिवभक्तों ने जल, दूध और गन्ने के रस से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक कर सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। सुबह से ही मंदिर परिसर में भीड़ रही और चारों ओर हर-हर महादेव, बम-बम भोले के जयकारों से वातावरण गुजायमान द्यहो गया।

पुजारी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा कर शिवलिंग का अभिषेक किया। इसके बाद ओमप्रकाश सारण, नरेंद्र सारण, नितेश सारण, ललित टेलर, मंजू सारण सहित श्रद्धालुओं ने जल, दूध,घी, शहद व विशेष रूप से गन्ने का रस से शिवलिंग का अभिषेक किया। पंडित संजीव पाराशर ने बताया कि सावन माह में गन्ने के रस से शिवजी का अभिषेक करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है, मनोकामनाएं पूरी होती है। पूरे दिन मंदिर में भक्ति संगीत, शिव-स्तुती आरती व भजन-कीर्तन का आयोजन होता रहा। श्रद्धालु नंदी महाराज के कान में अपनी मनोकामनाएं कहते नजर आए। इन दिनों मंदिर को भव्य रुप से सजाया गया।